Z-मोड़ टनल

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

प्रधानमंत्री ने Z-मोड़ टनल का उद्घाटन किया जिसका उद्देश्य **सभी मौसम में लद्दाख और कश्मीर की कनेक्टिविटी में सुधार** करना है।

- **अवस्थिति: कश्मीर के गंदेरबल में 8,650 फीट की ऊँचाई पर स्थित 6.5 किलोमीटर लंबी** Z-मोड़ टनल, श्रीनगर-लेह राजमार्ग (NH-1) पर हिमस्खलन-प्रवण क्षेत्र को बायपास करती है।
    - इसे **थजीवास ग्लेशियर** के नीचे बनाया गया है और इस टनल का नाम बदलकर **सोनमर्ग टनल किया गया है।**
- **समयरेखा: 2,400 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित** यह परियोजना **वर्ष 2015 में** BRO के तहत शुरू हुई थी लेकिन बाद में इसे **राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (NHIDCL) द्वारा विकसित किया गया।**
- **सामरिक साझेदारी: जोजिला टनल के साथ मिलकर यह परियोजना लद्दाख** तक सड़क कनेक्टिविटी में सुधार करेगी, जिससे **श्रीनगर और लद्दाख** के बीच मार्ग की दूरी **6 किमी. कम हो जाएगी।**
    - **एशिया की सबसे लंबी द्विदिशिक टनल,** जोजिला टनल **(14.15 किमी) श्रीनगर, कारगिल और लेह** के बीच सभी मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी।
- **सामरिक महत्त्व:** इस टनल से **सैन्य आवश्यकताओं और नागरिकों** के लिये लद्दाख तक वर्ष भर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

और पढ़ें: Z-मोड़ टनल

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/z-morh-tunnel-1